उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 902/2020

दिनांक/Date : 12/11/2020

संवाद–59

अभ्यर्थियों द्वारा आयोग से लिखित परीक्षाओं के सम्बन्ध में जानकारी मांगी जा रही है। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थी अवगत हैं कि आयोग ने संवाद–48 दिनांक 18–09–2020 के द्वारा सूचित किया गया था कि आयोग दिसम्बर, 2020 तक 06 लिखित परीक्षाओं का आयोजन करेगा। यह भी अभ्यर्थी अवगत हैं कि इस बीच आयोग द्वारा कनिष्ठ सहायक पद के लिए टंकण एवं आशुलिपिक परीक्षाओं को पूरा किया गया है साथ ही लम्बे समय से लंबित वाहन चालक पद का तकनीकी परीक्षण भी किया गया है।

आयोग को कोविड–19 संक्रमण व सामाजिक (शीरीरिक) दूरी के नियम के कारण परीक्षाओं को निर्धारित करने में कठिनाई हुई है। इन 6 परीक्षाओं में से सहायक लेखाकार (पद कोड 135) की परीक्षा 29 नवम्बर, 2020 को निर्धारित कर दी गई है। पद कोड 52 (कनिष्ठ अभियन्ता विद्युत विभाग) का मामला माननीय उच्च न्यायालय में सुनवाई के अन्तिम चरण में है व 20 नवम्बर, 2020 के बाद इस परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी जायेगी।

आयोग द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि निम्न 03 परीक्षायें ऑनलाइन (Computer Based Test (CBT)) मोड में कराई जायेंगी।

क्र.सं.	पदकोड	पद
1.	646 / 343 / 23 / 2020	पशुधन प्रसार अधिकारी
2.	532 / 214 / 131 / 24 / 2020	कनिष्ठ अभियन्ता, सिविल
3.	132	सहायक कृषि अधिकारी

इन तीनों परीक्षाओं को दिसम्बर माह में तीसरे व चौथे सप्ताह में आयोजन की संभावना है। शीघ्र ही इनकी निर्धारित तिथि सूचित की जायेगी।

पदकोड 84/86 आबकारी सिपाही, प्रवर्तन सिपाही के सम्बन्ध में माननीय आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण/अर्ह हैं उनकी सूची शीघ्र ही आयोग की वैबसाईट पर प्रकाशित कर दी जाये। अभ्यर्थी उसे देख लें व आपत्ति व सुधार के लिए 10 दिन का समय देकर लिखित परीक्षा निर्धारित की जाय। तदनुसार आयोग शीघ्र ही यह विवरण वैबसाईट पर प्रकाशित कर परीक्षा तिथि अंतिम करेगा।

परीक्षार्थी कृपया इन सभी परीक्षाओं के लिए तैयार रहें, पाठ्यक्रम आदि पहले से ही आयोग की वैबसाईट पर डाले जा चुके हैं। सभी अभ्यर्थियों को दीपावली पर्व हेतु एवं आगामी परीक्षाओं के लिए हार्दिक शुभकामनायें।

(संतोष बडोनी)
सचिव